हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थीगण व विपक्षीगण सं. 1, 3, 12, 13, 14, 16 ता 19 के वकील उपस्थित, जवाब अप्राप्त, जवाब का अवसर बन्द किया जाता है शेष विपक्षीगण अनुपस्थित। शेष विपक्षीगण सं० 2, 4, 5 ता 11, 15, 20 को कोर्ट समय में तीन बार तीन-तीन आवाजें दिलाई गई। बावजूद आवाजें दिलाने के अनुपस्थित रहने के विपक्षीगण सं. 2, 4, 5 ता 11, 15, 20 के विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही की जाती है। दोनों पक्षों के विद्वान वकीलों की बहस सुनी। मौके पर विवाद की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए इस न्यायालय द्वारा जारी अंतरिम निषेधाज्ञा मूलवाद के निस्तारण तक पुष्ट (Confirm) किया जाता है पत्रावली निर्णय सुमार होकर मूलवाद के साथ नत्थी हो।

(हस्ताक्षर)
सहायक कलेक्टर, गुड़ामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2023.01.05 11:52:46 IST
Reason: SelfAttested